( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 )

O.I.G.S.

डाक पंजीयन क्रमांक R.J/JPC/205/2018-20

# राजस्थान रोज़गार संदेश

(पाक्षिक)

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 43 अंक 17 Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in 15 अक्टूबर, 2020 फोन : 2368398 मूल्य : 2.00 वार्षिक शुल्क 40 रु.

## आरएसएलडीसी का फिक्की एवं अन्य इंडस्ट्रीज से समझौता

### युवाओं को ट्रेनिंग के साथ मिलेगा रोजगार





प्रतिनिधियों के साथ एमओयू पर चर्चा करते शासन सचिव श्रम एवं नियोजन विभाग नीरज के. पवन, आरएसएलडीसी के प्रबंध निदेशक विष्णु चरण मल्लिक व अन्य अधिकारीगण।

12 अक्टूबर, जयपुर। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम में सोमवार को फेडेरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं अन्य सहभागी इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आरएसएलडीसी के अधिकारियों ने फिक्की, टैक्सटाइल उद्योग, गारमेंट उद्योग एवं होटल इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। ये बैठक राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के अध्यक्ष श्री नीरज के. पवन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न उद्योगों से जुड़े विशेषज्ञ के साथ कौशल के क्षेत्र में नए आयामों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में श्री नीरज के. पवन ने कौशल विकास के साथ युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु विभिन्न इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों से बढ़-चढ़कर सहयोग करने की मांग की। खासतौर से आरएसलडीसी की ओर से चलाए जा रहे रिक्रूट-ट्रेन-डिप्लॉय( आरटीडी ) मॉडल में विभिन्न उद्योगों से परस्पर सहयोग को लेकर चर्चा की गई।

आरएसएलडीसी की ओर से युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार मुहैया करवाने हेतु गारमेंट एसोसिएशन एवं होंडा कार प्राइवेट लिमिटेड के साथ भी एमओयू साइन किया जाएगा। बैठक में श्री नीरज के. पवन ने कहा कि इस समय पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कौशल विकास की बहुत जरूरत है। जमीनी स्तर पर हमें युवाओं एवं महिलाओं के कौशल को निखार कर उन्हें रोजगार दिलवाना है। वहीं जिला स्तर पर भी बहुत से ऐसे उद्योग हैं जहां पर कुशल कामगारों की अत्यन्त आवश्यकता है।

आरएसएलडीसी एवं विभिन्न इंडस्ट्रीज के बीच हो रहे एमओयू का लक्ष्य इसी स्किल गैप को भरना है। इस बैठक में आरएसएलडीसी के प्रबंध निदेशक श्री विष्णु चरण मल्लिक ने बताया कि हम भिवाड़ी, गुरूग्राम एवं जयपुर में 5 माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर खोलने की तैयारी कर रहे हैं। इन माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर्स से युवाओं को अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित होने में मदद मिलेगी।

## अशोक चांदना के जन्मदिन पर राज्यभर में मनाया गया नो मास्क, नो एंट्री अभियान





13 अक्टूबर, जयपुर। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम की ओर से संचालित प्रदेशभर के कौशल केन्द्रों में मंगलवार को कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के राज्यमंत्री श्री अशोक चांदना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। माननीय मंत्री श्री अशोक चांदना के जन्मदिन को प्रदेशभर में नो मास्क, नो एंट्री अभियान के रूप में मनाया गया।

माननीय मंत्री महोदय श्री अशोक चांदना के जन्मदिवस पर राज्य के सभी जिलों में स्थित कौशल विकास केंद्रों पर No Mask No Entry अभियान को सार्थक बनाने के लिए शपथ ग्रहण एवं स्थानीय रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेशभर के कौशल केन्द्रो पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कौशल केन्द्रों पर युवाओं ने कोरोना से बचाव हेतु संदेश देने हेतु जागरूकता रैली निकाली। वहीं सभी कौशल केन्द्रों पर युवाओं ने शपथ ली कि वह बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलेंगे। युवाओं ने समाज में भी जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कुछ दिनों पहले माननीय मंत्री श्री अशोक चांदना ने आमजन को मास्क पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु मास्क नहीं तो प्रवेश नहीं अभियान का पोस्टर भी विमोचित किया था। अपने जन्मदिवस के अवसर पर कौशल केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रमों की श्री अशोक चांदना ने सराहना की। श्री अशोक चांदना ने इस अवसर पर कहा कि अब विशेषज्ञों बात करने पर सामने आया है कि अगर प्रदेश की जनता लगातार एक माह तक हर समय मास्क का प्रयोग करे तो कोरोना की चेन को तोड़ा जा सकता है। इसी को लेकर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में जरूरतमंद लोगों को एक करोड़ निशुल्क मास्क वितरण करने का लक्ष्य रखा है। कौशल केन्द्रों की ओर से इस अवसर पर निःशुल्क मास्क वितरण भी किया गया।

आरएसएलडीसी के अध्यक्ष श्री नीरज के. पवन ने भी माननीय मंत्री श्री अशोक चांदना को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कौशल केन्द्रों पर आयोजित नो मास्क, नो एंट्री अभियान की भी प्रशंसा की।

## "स्किल राजस्थान" का नारा दिया



अशोक चाँदना

माननीय मंत्री महोदय श्री अशोक चाँदना ने अपने जन्म दिन को युवाओं को समर्पित करते हुए "स्किल राजस्थान" का नारा दिया तथा राजस्थान के युवाओं का आव्हान करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। वे रोजगार तक पहुँचने के लिए अधिक से अधिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने पर ध्यान दें। साथ ही, उन्होंने रोजगार विभाग की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना काल में भी रोजगार विभाग द्वारा 120 ऑनलाइन जॉब फेयर का आयोजन कर 4647 युवा आशार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करवायें गये। यह प्रशंसनीय है।

**''हर खुशी खुशी माँगे आपसे**
**जिन्दगी जिन्दगी माँगे आपसे**
**उजाला हो मुकद्दर में इतना आपके**
**कि सूरज भी रोशनी माँगे आपसे"**

रोजगार विभाग परिवार की तरफ से माननीय मंत्री महोदय श्रम एवं नियोजन श्री अशोक चाँदना जी को उनके जन्म दिवस की बहुत सारी बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं।

# ऑयल इंडिया लिमिटेड
( भारत सरकार का उद्यम )
# Oil India Limited
(A Government of India Enterprise)

ऑयल इंडिया लिमिटेड, एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम समस्त भारत में अपनी उपस्थिति और वैश्विक पदचिन्हों को बढ़ाने वाली एक अग्रणी और द्वितीय सबसे बड़ी राष्ट्रीय उर्ध्वमुखी तेल और गैस कंपनी है. ऑयल चतुर्दिक वृद्धि और उत्कृष्टता के नये क्षितिज स्थापित करने के लिए जाना जाता है. यह अपने क्षेत्र मुख्यालय (एफएचक्यू) दुलियाजान, जिला डिब्रूगढ़, असम सहित कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी उत्पादन की खोज, उत्पादन और परिवहन कार्य में कार्यरत है. ऑयल का प्रचालन असम, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, मिजोरम और कोलकाता, गुवाहाटी, नोएडा, दिल्ली के कार्यालयों में किया जाता है. ऑयल के पास असम से बिहार के बरौनी तक कच्चे तेल की परिवहन पाइपलाइन भी है. समुद्रपारीय देशों में ऑयल की उपस्थिति यूएसए, रूस, लिबिया, नाइजीरिया, गेबन, वेनेजुएला, इजराईल, बंग्लादेश और मोजांबिक में है.

ऑयल इंडिया लिमिडेट नीचे दिए गए अनुसार ग्रेड सी, ग्रेड बी, और ग्रेड ए में निम्नांकित पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

**क. ग्रुप सी में पदों/रिक्तियों/आयु सीमा के विवरण :**

| पदों के नाम एवं पद कोड | रिक्तियों की सूचक सं. | | | | | | ग्रेड एवं वेतनमान (रु.) | अधिकतम आयु सीमा (वर्ष में) 30.10.2020 के अनुसार | पीडब्ल्यूबीडी हेतु उपयुक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अना | अजा | अजजा | अपिव (एनसीएल) | ईडब्ल्यूएस | कुल | | | |
| अधीक्षण अभियंता (ड्रिलिंग) (डीआर01) | 02 | 01 | - | - | - | 03 | सी 80000-220000 | अना-32 अजा-37 | ला.न. |
| प्रबंधक (लेखा)/प्रबंधक (विभागीय लेखा परीक्षा) (एसी 02) | - | - | 01 | - | - | 01 | सी 80000-220000 | अजजा-39 | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, श्रवि |
| अधीक्षण चिकित्सा अधिकारी (ईएनटी) (एमडी 03) | 01 | - | - | - | - | 01 | सी 80000-220000 | अना-37 | ला.न. |
| अधीक्षण चिकित्सा अधिकारी (पैथोलॉजी) (एमडी 04) | - | 01 | - | - | - | 01 | सी 80000-220000 | अजा-42 | ला.न. |
| अधीक्षण चिकित्सा अधिकारी (ऑप्थैल्मोलॉजी) (एमडी 05) | - | - | - | - | 01 | 01 | सी 80000-220000 | ईडब्ल्यूएस-37 | ला.न. |
| अधीक्षण चिकित्सा अधिकारी (ऑर्थोपिडिक सर्जन) (एमडी 06) | - | - | - | 01 | - | 01 | सी 80000-220000 | अपिव-एनसीएल-40 | ला.न. |
| अधीक्षण चिकित्सा अधिकारी (रेडियोलॉजी) (एमडी 07) | 01 | - | - | - | - | 01 | सी 80000-220000 | अना-37 | ओएल, श्रवि |
| अधीक्षण चिकित्सा अधिकारी (फिजिशियन) (एमडी 08) | - | - | 01 | - | - | 01 | सी 80000-220000 | अजजा-42 | ला.न. |
| कुल | 04 | 02 | 02 | 01 | 01 | 10 | | | |

**ख. ग्रेड बी में पदों/रिक्तियों/आयुसीमा के विवरण :**

| पदों के नाम एवं पद कोड | रिक्तियों की सूचक सं. | | | | | | ग्रेड एवं वेतनमान (रु.) | अधिकतम आयु सीमा (वर्ष में) 30.10.2020 के अनुसार | पीडब्ल्यूबीडी हेतु उपयुक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अना | अजा | अजजा | अपिव (एनसीएल) | ईडब्ल्यूएस | कुल | | | |
| वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एमडी 09) | 01 | - | - | 02 | - | 03 | बी 60000-180000 | अना-32 अपिव-एनसीएल-35 | ओए, ओएल |
| वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी (एसओ 10) | 01 | 01 | - | - | - | 02 | बी 60000-180000 | अना-32 अजा-37 | ओएल |
| वरिष्ठ अधिकारी (विद्युत) (ईई 11) | 01 | 01 | - | 02 | 01 | 05 | बी 60000-180000 | अना/ईडब्ल्यूएस-27 अपिव-30, अजा-32 | ओएल, श्रवि |
| वरिष्ठ अधिकारी (मा.सं.) (एचआर 12) | 01 | - | - | 01 | - | 02 | बी 60000-180000 | अना-29, अपिव-32 | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बी, एलवी, श्रवि |
| वरिष्ठ अधिकारी (कानूनी) (एलएल 13) | 01 | - | 01 | - | - | 02 | बी 60000-180000 | अना-27, अजजा-32 | ओएल, बीएल, ओएएल, बी, एलवी |
| वरिष्ठ अधिकारी (मैकेनिकल) (एमई 14) | 04 | 04 | 01 | 07 | 02 | 18 | बी 60000-180000 | अना/ईडब्ल्यूएस-27 अपिव-30, अजा/अजजा-32 | ओएल, श्रवि |
| वरिष्ठ अधिकारी (इंस्ट्रूमेंटेशन) (आईएनएस 15) | 02 | 01 | - | 01 | - | 04 | बी 60000-180000 | अना-27, अपिव-30, अजा-32 | ओएल, श्रवि |
| वरिष्ठ अधिकारी (भू-भौतिकी) (जीपी 16) | 01 | 01 | 02 | - | 01 | 05 | बी 60000-180000 | अना/ईडब्ल्यूएस-29 अजा/अजजा-34 | ला.न. |
| वरिष्ठ अधिकारी (रिजर्वायर) (आरई 17) | 01 | - | - | - | - | 01 (पीडब्ल्यूबीडी) | बी 60000-180000 | अना-37 | 01 ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, श्रवि |
| कुल | 13 | 08 | 04 | 13 | 04 | 42 | | | |

**ग. ग्रेड ए में पदों/रिक्तियों/आयु सीमा के विवरण :**

| पदों के नाम एवं पद कोड | रिक्तियों की सूचक सं. | | | | | | ग्रेड एवं वेतनमान (रु.) | अधिकतम आयु सीमा (वर्ष में) 30.10.2020 के अनुसार | पीडब्ल्यूबीडी हेतु उपयुक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अना | अजा | अजजा | अपिव (एनसीएल) | ईडब्ल्यूएस | कुल | | | |
| फिजियोथेरेपिस्ट (पीवाई 18) | 01 | - | - | - | - | 01 | ए 50000-160000 | अना-32 | ओएल, बीएल, बी, एलवी, श्रवि |
| गोपनीय सचिव (सीएस 19) | 01 (पीडब्ल्यूबीडी) | | | | | 01 | ए 50000-160000 | अना/ईडब्ल्यूएस-40 अजा/अजजा-45 अपिव-एनसीएल-43 | 01 ओएल, बीएल, ओए, बी, एलवी |
| कुल | 01 (अना), 1 (पीडब्ल्यूबीडी) | | | | | 02 | | | |

**प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर** : अजजा-अनुसूचित जनजाति, अजा-अनुसूचित जाति, अपिव (एनसीएल)-अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर), पीडब्ल्यूबीडी-विशिष्ट विकलांग व्यक्ति, ईडब्ल्यूएस-आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, ओए-एक बाजू, ओएल-एक पैर, बीएल-दोनों पैर, ओएएल-एक बाजू एवं एक पैर, बीएलओए-दोनों पैर एवं एक बाजू, श्रवि-श्रवण विकलांग.

* रिक्तियों की संख्या में अपेक्षानुसार परिवर्तन किए जा सकते हैं.

**विस्तृत विवरणों हेतु https://oil-india.com/Current_openNew.aspx देखें.**

**ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति शुरू करने की तिथि : 01.10.2020 को 10.00 बजे.**

**ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 30-10-2020 को 23.59 बजे.**

**नालको NALCO**

**नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
नालको भवन, नयापल्ली, भुवनेश्वर - 751 013, ओड़िशा, भारत
(CIN: L27203OR1981GOI000920)

# चिकित्सा शाखा (चिकित्सकों) हेतु आवेदन आमंत्रित

नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको),एक नवरत्न कम्पनी, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी वाला, 8400 करोड़ से अधिक के वर्तमान कारोबार के साथ एशिया का वृहत्तम एकीकृत एल्यूमिना-एल्यूमिनियम संकुल है तथा भारत के अन्दर और विश्वभर में आगे और विकास तथा विस्तार के लिए अग्रसरहै। देश के लिए महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा अर्जित करने के कारण इस कंपनी को निर्यात के क्षेत्र में प्रीमियर ट्रेडिंग हाउस की पदवी प्राप्त है और अपने शेयरधारकों को उल्लेखनीय मूल्य वर्द्धन देने सहित इसने अपने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए अनेक प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कार जीते हैं। भुवनेश्वर, ओड़िशा में निगम कार्यालय के साथ इसके संयंत्र और कार्यालय बहु-अवस्थिति वाले हैं। एल्यूमिनियम मूल्य शृंखला के देशीय एवं वैश्विक उत्खनन में महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करते हुए धातु एवं ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधान और एकीकृत कम्पनी बनने की अपनी संकल्पना को हासिल करने के लिए यह कंपनी सक्षम मानव संसाधनों और ''लोक केंद्रित'' अभिगम वाले अभ्यासों के माध्यम से संगठनात्मक उत्कृष्टता उपलब्ध करने में विश्वास करती है।

कंपनी निम्न पदों हेतु समर्पित, प्रतिभाशाली और परिणाम उन्मुख उम्मीदवारों की तलाश कर रही है:

**01. क्षेत्र,पद, ग्रेड, रिक्ति, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव**

**(क) शाखा : चिकित्सा सेवा/ चिकित्सक**

| | | |
|---|---|---|
| पद | : | सामान्य सेवा चिकित्सा अधिकारी (जीडीएमओ) - (ई01 / ई02) - 05 |
| शैक्षणिक योग्यता | : | एमबीबीएस |
| अनुभव | : | ई1/ई2 ग्रेड के लिए सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या प्रतिष्ठित / प्रमुख अस्पताल/ संस्थान में चिकित्सक के रूप में शैक्षणिक योग्यता उपरांत चिकित्सक के तौर पर क्रमश: एक (01) / चार(04) वर्ष का अनुभव। |
| पद | : | विशेषज्ञ (ई02 / ई03 / ई04) - 11 |
| विशेषज्ञता | : | बालरोग-02, विकिरण विज्ञान-02, चिकित्सा शास्त्र-02, शल्य चिकित्सा-01, अस्थिरोग-01, त्वचारोग-01, नेत्ररोग-01, पैथलॉजी-01 |
| शैक्षणिक योग्यता | : | एमडी/ एमएस / एमबीबीएस पश्चात बालरोग /विकिरण विज्ञान/चिकित्सा शास्त्र/शल्य चिकित्सा/अस्थि रोग/त्वचारोग/नेत्ररोग/पैथालॉजी में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा। |
| अनुभव | : | ई3/ई4 ग्रेड के लिए सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या प्रतिष्ठित / प्रमुख अस्पताल/संस्थान में चिकित्सक के रूप में शैक्षणिक योग्यता उपरांत चिकित्सक के तौर पर क्रमश: तीन (03) /छ: (06) वर्ष का अनुभव। ई02 के लिए अनुभव की अनिवार्यता नहीं है। |

**आरक्षण की दृष्टि से कुल पदों के वितरण का निर्णय संबंधित ग्रेड में उपयुक्तता तथा प्राप्त आवेदन-प्रतिक्रिया के पश्चात किया जाएगा।**

**(ख) वेतनमान एवं आयु :**

विज्ञापित पदों के वेतनमान तथा अधिकतम आयु निम्नानुसार है -

| क्र. सं. | पद एवं ग्रेड | वेतनमान (संशोधित-2017) ( ₹ में ) | विज्ञापन के अनुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम |
|---|---|---|---|
| (I) | (ii) | (iii) | (iv) |
| 1 | कनिष्ठ प्रबंधक (ई01) | 60000-180000 | 44 वर्ष |
| 2 | सहायक प्रबंधक (ई02) | 70000-200000 | |
| 3 | उपप्रबंधक (ई3) | 80000-220000 | |
| 4 | प्रबंधक (ई4) | 90000-240000 | |

- आंतरिक अभ्यर्थी अन्य अभ्यर्थियों की भांति आवेदन कर सकते हैं बशर्ते वे तत्काल नीचे के ग्रेड में कार्यरत हों तथा उनके लिए अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं होगी। हालांकि उनके मामले कंपनी नियमों के अनुसार ही शासित होंगे।
- **प्रतिपूर्ति:**

  जहां तक कंपनी लागत (सीटीसी) का प्रश्न है, कंपनी एक विकास केंद्रीत संस्थान में योग्यता उन्मुख पेशेवर प्रबंधन के साथ एक बेहतरीन प्रतिपूर्ति पैकेज प्रदान करती है।

  मूल वेतन तथा औद्योगिक डीए व्यवस्था के अनुसार महँगाई भत्ता के अतिरिक्त अन्य लाभों में सुविधाएं (पर्क) (मूल वेतन का (35%), व्यक्तिगत तथा कंपनी के प्रदर्शन के अनुसार प्रदर्शन आधारित भत्ता, कंपनी आवास या मकान किराया भत्ता, स्वयं तथा परिवार जनों के लिए चिकित्सा सुविधा, सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा सुविधा, वेतन नगदीकरण, नई पेंशन योजना के अनुसार पेंशन, अंशदायी भविष्य निधि, सामूहिक बीमा, उपदान आदि कंपनी नियमों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

**सामान्य अनुदेश**

**(ग) चयन प्रक्रिया :**

- ई1 ग्रेड के लिए यदि प्राप्त आवेदनों की संख्या 10 से कम हो तो, चुने गए अभ्यर्थियों का मूल्यांकन केवल साक्षात्कार के माध्यम से होगा, अन्यथा क्रमश: 25% तथा 75% के अधिभार के साथ समूह चर्चा तथा साक्षात्कार दोनों के माध्यम से तथा ई1 से ऊपर के सभी ग्रेड में मूल्यांकन केवल साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।
- साक्षात्कार के समय की परिस्थिति के अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार वीडियो या व्यक्तिगत माध्यम से किया जा सकता है। साथ ही, समूह चर्चा आयोजित किये जाने पर परिस्थिति के अनुसार ही इसका माध्यम भी निर्धारित किया जायेगा।
- समूह चर्चा और/या साक्षात्कार से संबंधित सूचना ई-मेल के माध्यम से ही प्रेषित की जायेगी। उम्मीदवार द्वारा यथानिर्देशित अनुदेशों का अनुपालन किया जाना आवश्यक है।
- समूह चर्चा तथा / अथवा साक्षात्कार में प्रदर्शन, संगठनात्मक आवश्यकता के आधार पर रिक्तियां संचालित की जाएंगी, अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।
- मात्र विज्ञापित योग्यता से मेल खाने से कोई अभ्यर्थी समूह चर्चा और/ अथवा व्यक्तिगत साक्षात्कार के बुलावे हेतु पात्र नहीं होगा।
- मूल्यांकन हेतु अभ्यर्थियों की संख्या सीमित करने हेतु न्यूनतम योग्यता मानदंड/ स्तर और/अथवा अनुभव को बढ़ाने का अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित है।

**(घ) आरोग्यता:**

- अभ्यर्थी का अंतिम रूप से कंपनी चयन, कंपनी के चिकित्सा अधिकारी/ चयनित पद हेतु बोर्ड द्वारा आरोग्य/ शारीरिक रूप से स्वस्थ पाए जाने पर ही होगा। जहाँ पर कंपनी का कोई चिकित्सा अधिकारी नहीं है, चिकित्सा जाँच सरकार द्वारा अनुमोदित अस्पताल / मेडिकल बोर्ड द्वारा करायी जाएगी। कंपनी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**(ङ) तैनाती :**

- परिवीक्षा अवधि के दौरान और/या समावेशन के बाद, अभ्यर्थी को भारत या विदेश में नालको के किसी भी एकक/ कार्यालय अथवा नालको के किसी सहायक कंपनी/ संयुक्त उद्यम/ व्यवसायिक सहयोगी में तैनात किया जा सकता है तथा यह कंपनी की संगठनात्मक आवश्यकता के अनुरूप स्थानांतरण योग्य होगी। चयनित अभ्यर्थी को कंपनी की आवश्यकता के अनुसार शिफ्ट ड्यूटी सहित कोई भी कार्य/ काम/ जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

**च.आवेदन शुल्क :**

1.सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को रु.१००/- (एक सौ रुपए) मात्र का भुगतान आवेदन शुल्क के रूप में करना होगा।

2.अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग जनों से किसी भी प्रकार आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

3.अभ्यर्थी समर्पित बैंक खाते के माध्यम से, नेटबैंकिंग या डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। शुल्क किसी भी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4.आवेदन शुल्क/ पंजीकरण शुल्क किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा। अत: अभ्यर्थियों से निवेदन है कि आवेदन शुल्क/पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पूर्व अपनी योग्यता जाँच लें तथा भुगतान विवरण सावधानी पूर्वक भरें।

5. आखिरी समय के भागम-भाग से बचने के लिए अभ्यर्थियों को समय रहते आवेदन करने की सलाह दी जाती है।

**(छ) भुगतान कैसे करें :**

चरण-1 :

-www.nalcoindia.com पर नालको के पेशा पृष्ठ पर जाएँ।

-योग्यता के बारे में सुनिश्चित होने के लिए विज्ञापन को सावधानी पूर्वक पढ़ें।

-योग्य होने पर, 'Online Application' के लिंक पर तथा तत्पश्चात 'Make Payment' पर क्लिक करें।

चरण -2 :

-लिंक आपको एसबीआई के स्टेट बैंक कलेक्ट पृष्ठ पर ले जाएगी, जिसे नालको की ओर से आवेदन शुल्क/ प्रक्रिया शुल्क संग्रह करने के लिए अधिकृत किया गया है।

-निगम/ संस्थान के राज्य के अंतर्गत "Odisha" का व निगम/ संस्थान की श्रेणी के अंतर्गत "PSU-Public Sector" का चयन करें।

- भुगतान श्रेणी का चयन करें और ''Nalco Recruitment for Doctors'' का चयन करें।

- भुगतान पोर्टल पर अपेक्षानुसार नाम, अनुशासन, श्रेणी, जन्मतिथि, पंजीकृत ईमेल आईडी तथा मोबाइल नम्बर भरें और जमा (सबमिट) करें। सुनिश्चित करें कि समस्त पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान समान ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का प्रयोग किया गया है।

- अगली स्क्रीन - सुनिश्चित पृष्ठ पर अभ्यर्थी द्वारा भरे गए सारे विवरण प्रदर्शित होंगे। भुगतान करने से पूर्व शुद्धता सुनिश्चित कर लें। अब भुगतान हेतु पेमेंट गेटवे को सक्रिय करने के लिए ''Confirm'' विकल्प पर क्लिक करें। अभ्यर्थी द्वारा अशुद्ध विवरण के साथ भुगतान करने की स्थिति में, नालको या एसबीआई उत्तरदायी नहीं होगा।

-उपलब्ध किसी भी विकल्प यथा - नेटबैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके भुगतान किया जा सकता है। कृपया नोट करें कि बैंक प्रभार, यदि कोई हो, नालको द्वारा वहन किया जाएगा।

- सफलतापूर्वक भुगतान होने पर, पीडीएफ प्रारूप में एक ई-रसीद सृजित होगी। अभ्यर्थी को एसबीआई कलेक्ट रिफरेंस नंबर के साथ ई-रसीद को प्रिंट करने के लिए निदेश मिलेगा। रिफरेंस नंबर को नोट कर लें क्योंकि अंतिम पंजीकरण प्रक्रिया के चरण-3 के दौरान इसकी आवश्यकता पड़ेगी। स्टेट बैंक कलेक्ट में उपलब्ध "Payment History" विकल्प से बाद में भी ई-रसीद सृजित/ मुद्रित किया जा सकता है।

- यदि, वैध भुगतान विवरण के साथ किसी अभ्यर्थी ने अंतिम तौर पर आवेदन प्रपत्र जमा नहीं किया है, तो आवेदन अपूर्ण समझा जाएगा तथा रद्द कर दिया जाएगा। इस हेतु नालको जिम्मेदार नहीं होगा।

चरण-3 :

- एक बार भुगतान होने के पश्चात स्वयं को योग्य करने हेतु, नालको के वेबसाइट के पेशा पृष्ठ पर ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में विवरण भरने के लिए मुख्य आवेदन प्रपत्र में स्टेट बैंक कलेक्ट संदर्भ संख्या और भुगतान की तिथि दर्ज करने की आवश्यकता होगी।

- गलत प्रविष्टि होने पर भुगतान विवरण के संशोधन अथवा बुलावा पत्र जारी किए जाने के संबंध में किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा व उसकी पात्रता रद्द हो जाएगी।

**(ज) आरक्षण एवं रियायतें :**

- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदाय के अभ्यर्थियों को कुल अनुभव में एक वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।
- सरकारी निर्देशों के अनुसार, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/ दिव्यांग (40% या अधिक विकलांगता स्तर) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण/रियायत लागू होगी। कुल पदों की संख्या में वृद्धि या कमी होने के मामले में, सरकारी निर्देशों के अनुसरण में आरक्षित पदों की संख्या में परिवर्तन होगा।
- दिव्यांग अभ्यर्थी को, इस उद्देश्य के लिए अधिकार प्राप्त मेडिकल पैनल, जिसमें सरकारी अस्पताल या विकलांगों के लिए विशेष रोज़गार कार्यालय से जुड़े मेडिकल बोर्ड के 3 चिकित्सकों को शामिल किया गया हो, द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित व मोहर लगा हुआ वैध विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- दिव्यांग अभ्यर्थियों की नियुक्ति कार्य की प्रकृति तथा उत्तरदायित्व, स्थान आदि को संज्ञान में रखकर किया जाएगा, साथ ही यह भी ध्यान दिया जाएगा कि नि:शक्तता से उसके कार्य निष्पादन पर प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा उसके/ उसकी स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। हांलाकि अंतिम चयन तथा नियुक्ति अभ्यर्थी के आरोग्यता तथा चिन्हित पद के अनुसार ही किया जाएगा।
- ऑनलाइन प्रपत्र में एक बार भर दिए गए अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग श्रेणी को बदला नहीं जा सकेगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने पर आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- यदि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग प्रमाण-पत्र अंग्रेजी/हिंदी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में जारी किया गया हो तो अभ्यर्थी को इसकी अंग्रेजी या हिंदी में अनुदित स्व-सत्यापित प्रति जमा करनी होगी।
- अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थी जो ''क्रीमी लेयर'' के हैं, अन्य पिछड़ी जाति के लिए लागू रियायत पाने के हकदार नहीं होंगे और ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी 'अनारक्षित' (यूआर) के रूप में प्रदर्शित करना होगा। अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा **चालू वित्त वर्ष** के दौरान जारी आवश्यक प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाण-पत्र में सूचित जाति और समुदाय का नाम अन्य पिछड़े वर्गों की केंद्रीय सूची में अवश्य प्रदर्शित होना चाहिए और फिर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर, अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों को यह उदघोषित करते हुए कि वे अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) के हैं, एक स्व-वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी **आय एवं सम्पत्ति प्रमाण-पत्र** प्रस्तुत करना होगा।
- ऊपरी आयु सीमा में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष, अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष, दिव्यांग-अनारक्षित श्रेणी के लिए 10 वर्ष और दिव्यांग- अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) के लिए 13

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# झारखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र

सूचना प्रौद्योगिकि विभाग एवं ई-गवर्नेंस
इंजीनियर्स छात्रावास,गोलचक्कर, धुर्वा, राँची-834004
Tel.0651-2401719: : Email- directorjsac@gmail.com

JSAC

**विज्ञापन संख्या: - JSAC/2020/01**

झारखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (JSAC), रांची में निष्पादित परियोजना के लिए मूल रूप से अनुबंध के आधार पर उज्जवल, मेहनती, विश्वसनीय और सक्षम पेशेवर की भर्ती होनी है। पद एक वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर हैं और परियोजना के दिशानिर्देश के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

झारखंड सरकार के आरक्षण नियम ओबीसी, एससी और एसटी के लिए झारखंड राज्य के निवासी उम्मीदवार के लिए लागू होगा, जिसके लिए उन्हें संबंधित प्राधिकार द्वारा जारी किए गए प्रासंगिक जाति प्रमाण पत्र और अधिवास प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करनी होगी। आवेदन झारखण्ड के अलावा अन्य राज्य से आरक्षित श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को सामान्य उम्मीदवार के रूप में माना जाएगा। यदि किसी विशेष पद के विरुद्ध सामान्य श्रेणी में रिक्ति उपलब्ध है, तो उनकी योग्यता सामान्य श्रेणी में ही तैयार की जाएगी। पदों, परियोजना का नाम और परिलब्धियाँ इस प्रकार हैं:–

| क्रम. सं. | पद का नाम | परियोजना का नाम | रिक्तियों की कुल संख्या | | | | | कुल मासिक उत्सर्जन (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | अजजा | अज | अपिव | कुल | |
| 1. | जूनियर रिसर्च फेलो (JRF) | Monitoring and Evaluation of IWMP Project of Jharkhand State | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 25000/-+ 20% HRA |
| 2. | जूनियर रिसर्च फेलो (JRF) | Evaluation of Irrigated Area Through Canal Irrigation Of Subernrekha Multipurpose Project | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25000/-+ 20% HRA |
| 3. | जूनियर रिसर्च फेलो (JRF) | Desertification and Land Degradation, Monitoring, Vulnerability Assessment and Combating Plan | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25000/-+ 20% HRA |
| 4. | जूनियर रिसर्च फेलो (JRF) | Monitoring and Management of Drinking Water Schemes using Geo-Informatics | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 25000/-+ 20% HRA |
| 5. | सिनियर रिसर्च फेलो (SRF) | Space based Information Support for Decentralized Planning - Updates ( SIS-DP Updates | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 28000/-+ 20% HRA |

**योग्यता**

**पोस्ट कोड 1, 2, 3 और 4 के लिए**

**ए. न्यूनतम आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव**

I. रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस/भू–सूचना विज्ञान/भूविज्ञान/वानिकी/ भूभौतिकी/पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान/कृषि/जल इंजीनियरिंग और प्रबंधन/सिविल इंजीनियरिंग/पर्यावरण विज्ञान में प्रथम श्रेणी के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से M.Sc. या M.Tech. प्रतिष्ठित संस्थान से रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

II. NET योग्य उम्मीदवारों को अतिरिक्त 5 अंक मिलेंगे।

III. शोध पत्र प्रकाशन वाले उम्मीदवारों को प्रकाशनों की संख्या के आधार पर अतिरिक्त अंक मिलेगा।

IV. AAA रेटेड विश्वविद्यालय / कॉलेज से योग्यता की डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**ख. वांछनीय योग्यता** - इमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर (ERDAS, ENVI आदि) और जीआईएस सॉफ्टवेयर (ARCGIS, मानचित्र जानकारी आदि) में प्रवीणता।

**सी. आवेदक की आयु 01.10.2020 को अधिकतम 30 वर्ष** होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 5 वर्ष तथा ओबीसी उम्मीदवारों को 3 वर्ष की उम्र सीमा में छूट दी जाएगी।

**पोस्ट कोड 5 के लिए**

**ए. न्यूनतम आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव**

I. रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस/भू–सूचना विज्ञान/भूविज्ञान/वानिकी/ भूभौतिकी/पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान/कृषि/जल इंजीनियरिंग और प्रबंधन/सिविल इंजीनियरिंग/पर्यावरण विज्ञान में प्रथम श्रेणी के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से M.Sc. या M.Tech. प्रतिष्ठित संस्थान से रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के क्षेत्र में दो वर्षों का अनुभव आवश्यक है।

II. NET उम्मीदवारों को अतिरिक्त 5 अंक मिलेंगे।

III. पेपर प्रकाशन वाले उम्मीदवारों को प्रकाशनों की संख्या के आधार पर अतिरिक्त अंक मिलेगा।

IV. AAA रेटेड विश्वविद्यालय / कॉलेज से योग्यता की डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**ख. वांछनीय योग्यता** - इमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर (ERDAS, ENVI आदि) और जीआईएस सॉफ्टवेयर (ARCGIS, मानचित्र जानकारी आदि) में प्रवीणता।

**सी. आवेदक की आयु 01.10.2020 को अधिकतम 35 वर्ष** होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 5 वर्ष तथा ओबीसी उम्मीदवारों को 3 वर्ष की उम्र सीमा में छूट दी जाएगी।

**सेवा शर्तें**

1. परियोजना में सेवाएं मूल रूप से अनुबंध के आधार पर होंगी।
2. SRF/JRF किसी अन्य लाभ जैसे महंगाई भत्ता, भविष्य निधि, पेंशन लाभ, ग्रेच्युटी आदि के हकदार नहीं होंगे।
3. SRF/JRF झारखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र और सरकार के नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार केवल आकस्मिक अवकाश के हकदार होंगे। झारखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र और सरकार के नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार महिला उम्मीदवारों (SRF/JRF) को मातृत्व अवकाश दिया जाएगा।
4. एसआरएफ / जेआरएफ किसी भी चिकित्सा लाभ के हकदार नहीं होंगे।
5. एसआरएफ / जेआरएफ वार्षिक वेतन वृद्धि के हकदार नहीं होंगे।
6. सेवाओं को वार्षिक प्रगति रिपोर्ट और परियोजना की आवश्यकता और उम्मीदवारों के प्रदर्शन के अनुसार प्रस्तुत किया जाएगा।

**चयन प्रक्रिया:**

उम्मीदवारों की न्यूनतम आवश्यक योग्यता के आधार पर जांच की जाएगी। स्क्रीन किए गए उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा और साक्षात्कार की मैरिट सूची के आधार पर अंतिम सूची तैयार की जाएगी। यदि आवश्यकता हो तो लिखित परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है। साक्षात्कार की सूचना केवल योग्य उम्मीदवारों को अलग से भेजी जाएगी। जेएसएसी का निर्णय इस संबंध में अंतिम होगा।

प्रत्येक पद के लिए न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और जॉब प्रोफ़ाइल ऊपर दी गई है। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वे आवेदन करने से पहले सभी मामलों में आवश्यक न्यूनतम योग्यता और अनुभव को पूरा करते हैं। यदि कोई उम्मीदवार किसी भी स्तर पर अयोग्य पाया जाता है, तो नियुक्ति के बाद भी, उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**महत्वपूर्ण दस्तावेज:-**

1. आवेदन स्वयं सत्यापित सभी प्रतियों के साथ होना चाहिए–
   (ए) मैट्रिकुलेशन, इंटरमीडिएट, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, डिप्लोमा और योग्यता के साथ संबंधित किसी भी अन्य दस्तावेज की मार्क शीट वांछित के रूप में।
   (बी) कार्य अनुभव प्रमाण पत्र।
   (सी) जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मैट्रिक का प्रमाण पत्र।
   (डी) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र।
   (ई) सक्षम अधिकारी द्वारा हाल ही में जारी किया गया आवासीय प्रमाण पत्र।
   (एफ) दो हालिया पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ।
   (जी) मूल डिमांड ड्राफ्ट या ऑनलाइन नाम और आवेदन संख्या के साथ ऑनलाइन भुगतान के प्रमाण की प्रति। ऑनलाइन भुगतान के प्रमाण की डिमांड ड्राफ्ट/कॉपी के पीछे की ओर लिखा हुआ है।
2. उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा।
3. निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित सूचना के बिना आवेदन यथा बिना हस्ताक्षर के/बिना फोटोग्राफ के/बिना स्वप्रमाणित साक्ष्यों के प्रशंसापत्र और मार्कशीट/अधूरे और बिना संलग्नक के और नियत तारीख के बाद प्राप्त होने वालों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। जेएसएसी किसी भी डाक देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा।
4. पद की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु प्रर्याप्त नहीं है।
5. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/चयन के बारे में कोई अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. इच्छुक आवेदक सभी मामलों में पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं, केवल **ON-LINE** मोड के माध्यम से अपना आवेदन पंजीकृत कर सकते हैं। आवेदनों का ऑन–लाइन पंजीकरण JSAC की वेबसाइट http://jsac.jharkhand.gov.in/ पर 15.10.2020 से सुबह 11:00 बजे से उपलब्ध होगा।
7. उम्मीदवारों को हार्ड कॉपी में विधिवत भरे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट जमा करना होगा, साथ ही सीलबंद लिफाफे में सभी सहायक दस्तावेजों के **"पद के लिए आवेदन....."** के साथ सुपरस्क्रिप्टिंग दर्ज करना होगा। आवेदन की हार्ड कॉपी **निदेशक, झारखंड अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, आईटी विभाग और ई-गवर्नेंस, झारखंड सरकार, द्वितीय तल, इंजीनियर्स हॉस्टल-1, गोल चक्कर के नजदीक, धुर्वा, रांची, झारखंड, पिन-834004** में दिनांक **23.11.2020** को शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा तक पहुंचनी चाहिए।
8. अपूर्ण आवेदन और नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।
9. ऑन–लाइन पंजीकरण 10.11.2020 को शाम 04:00 बजे तक समाप्त हो जाएगा। ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी जो निर्धारित तिथि और समय तक ऑनलाइन पंजीकरण पूरा करने में विफल रहते हैं, इस पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा
10. **शुल्क:** आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर खाता संख्या – 490210110012465, IFSC कोड – BKID0004902, बैंक ऑफ इंडिया, क्लब साइड ब्रांच, मेन रोड, रांची या निदेशक के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। झारखंड अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, रांची में देय और उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में यूटीआर नंबर/डीडी नंबर और भुगतान की तारीख भरनी है। शुल्क संरचना इस प्रकार है;
    (ए) सामान्य उम्मीदवारों – **रु. 1000 / -**
    (ख) अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों – **रु. 500 / -**
    (सी) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/शारीकि विकलांग उम्मीदवार - **छूट**
11. इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले आवेदकों को उपरोक्त पद के लिए अपनी पात्रता के संबंध में स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए और 01.10.2020 पर या उससे पहले सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा, ऐसा न होने पर उनका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। आवेदन शुल्क एक बार भुगतान होने के बाद लौटाया नहीं जाएगा, भले ही आवेदन अधूरा/अस्वीकृत हो या उम्मीदवार आवेदन प्रस्तुत करने में सक्षम न हो । जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, उसे अलग शुल्क के साथ अलग से आवेदन भेजना होगा।

**नियम और शर्तें:-**

1. पोस्टिंग का स्थान रांची में होगा। हालाँकि, जरूरत पड़ने पर झारखंड राज्य में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।
2. नियुक्ति परियोजना के आधार पर मूल रूप से संविदात्मक होगी।
3. उम्मीदवार जो 01.10.2020 को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अधिकारी नहीं हैं, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
4. उम्मीदवार को भारत का नागरिक होना चाहिए।
5. किसी भी तरह की कैनवसिंग निर्धारित स्वीकार्य नहीं है।
6. आवेदकों से उम्मीद है कि वे इस केंद्र के कर्मचारियों के लिए व्याप्त आचरण और अनुशासन के नियमों की पुष्टि करेंगे।
7. उम्मीदवार को किसी भी विधि न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया हो।
8. यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई या घोषित की गई कोई भी सूचना गलत पाई जाती है या यदि उम्मीदवार ने अपनी नियुक्ति से संबंधित किसी भी भौतिक जानकारी को छुपा दिया है, तो उसे सेवा से हटा दिया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा फिट माना जाता है।
9. उम्मीदवारों के चयन के बारे में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में कोई प्रतिनिधित्व नहीं किया जाएगा।
10. सेवा में पहले से ही उम्मीदवारों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के साथ अपने आवेदन (हार्ड कॉपी / प्रिंट आउट) जमा करने होंगे।
11. सभी विवाद रांची में कोर्ट ऑफ लॉ के क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे।
12. पदों की संख्या बढ़ाने या घटाने का अधिकार निदेशक, JSAC के पास है।

ह./– **निदेशक**, JSAC

# Garden Reach Shipbuilders & Engineers Limited

पंजीकृत कार्यालयः 43/46, गार्डेन रीच रोड, कोलकाता – 700024, दूरभाष : (033) 2469-8545 फैक्सः (033) 2469-8150
वेबसाइट : www.grse.in; ई-मेलः investor.grievance@grse.co.in, (CIN: L35111WB1934GOI007891)

जीआरएसई लि. एक प्रीमियर रक्षा पोत निर्माता एवं मिनी रत्न, श्रेणी -1 कंपनी है। विभिन्न उन्नत एवं आधुनिक युद्धपोतों का निर्माण करते हुए देश की रक्षा प्रस्तुति में प्रभावी योगदान दे रही है। कंपनी नीचे वर्णित अनुसार विभिन्न ग्रेड में स्थायी मियादी अनुबंध के आधार पर सुपरवाइजर (एस-1) एवं अधिकारियों के पदों के लिए योग्य, मेधावी एवं ऊर्जावान भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित कर रही हैः

**ऑनलाइन पंजीकरण आरंभ होने की तिथिः 30 सितम्बर 2020**
**ऑनलाइन पंजीकरण समाप्त होने की तिथिः 20 अक्टूबर 2020**

## रोज़गार सूचना सं. एचआर/एसयूपीः 02/2020

## सुपरवाइजर की नियुक्ति (स्थायी मियादी अनुबंध पर)

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतनमान (आईडीए)(₹) | 01 सितम्बर 2020 को सर्वाधिक आयु | पदों की सं क्षेत्र/आरक्षण | | | 01 सितम्बर 2020 को अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सुपरवाइजर (एस-1 ग्रेड) (03 वर्षों के लिए स्थायी मियादी अनुबंधित आधार पर, अधिकतम 02 वर्षों के लिए बढ़ाने योग्य) सुपरवाइजर के 24 पदों में, 01 पद पीडब्ल्यूबीडी (एचएच) के लिए आरक्षित है | 23800-3% -83300 | 28 वर्ष | प्रशासन एवं मानव संसाधन | 03 | यूआर-01, एसटी-01, ओबीसी-01 | किसी भी क्षेत्र में स्नातक के साथ मानव संसाधन/ औद्योगिक संबंध / कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध/ सामाजिक कल्याण/ सामाजिक विज्ञान/ सामाजिक कार्य आदि में न्यूनतम 01 वर्ष का डिप्लोमा, स्नातक एवं डिप्लोमा दोनों में 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (एसटी/ओबीसी/पीबीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए) |
| | | | | वित्त | 01 | ओबीसी | किसी भी क्षेत्र में स्नातक के साथ वित्त क्षेत्र जैसे कि लेखांकन, कराधान, लेखा परीक्षा आदि में न्यूनतम 01 वर्ष का डिप्लोमा, स्नातक एवं डिप्लोमा दोनों में 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (ओबीसी/पीबीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए) |
| | | | | फार्मेसी | 04 | यूआर-02, ओबीसी-01, एससी-01 | फार्मेसी में डिप्लोमा या समकक्ष, 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (एससी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक पर समकक्ष सीजीपीए) |
| | | | | सिक्योरिटी | 03 | यूआर-01, ओबीसी-02 | किसी भी क्षेत्र में स्नातक के साथ सिक्योरिटी मैनेजमेंट में न्यूनतम 01 वर्ष का डिप्लोमा, स्नातक एवं डिप्लोमा दोनों में 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। |
| | | | | नेवल आर्किटेक्चर | 01 | ओबीसी | नेवल आर्किटेक्चर में डिप्लोमा या समकक्ष, 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। |
| | | | | मैकेनिकल | 05 | यूआर-02, ओबीसी-01, एससी-01, इडब्ल्यूएस-01 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष, 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (एससी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। |
| | | | | इलेक्ट्रिकल | 03 | यूआर-01, एससी-02 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष, 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (एससी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। |
| | | | | सिविल | 03 | यूआर-01, एससी-01, ईडब्ल्यूएस-01 | सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष, 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (एससी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। |
| | | | | कम्प्यूटर साइंस/ आईटी | 01 | यूआर | कम्प्यूटर/आईटी में डिप्लोमा या समकक्ष, 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। |
| (ख) | डिज़ाइन सुपरवाइजर (एस-1 ग्रेड) (03 वर्षों के लिए स्थायी मियादी अनुबंधित आधार पर, अधिकतम 02 वर्षों के लिए बढ़ाने योग्य) डिज़ाइन सुपरवाइजर के 12 पदों में, 01 पद पीडब्ल्यूबीडी (वीएच) के लिए आरक्षित है | 23800-3% -83300 | 28 वर्ष | मैकेनिकल | 04 | यूआर-02, एससी-01, ओबीसी-01 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (एससी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। डिज़ाइन सुपरवाइजर के लिए ऑटो कैड की जानकारी जरूरी है। |
| | | | | इलेक्ट्रिकल | 03 | यूआर-01, एससी-01, ओबीसी-01 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (एससी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। डिज़ाइन सुपरवाइजर के लिए ऑटो कैड की जानकारी जरूरी है। |
| | | | | इलेक्ट्रॉनिक्स | 01 | ईडब्ल्यूएस | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। डिज़ाइन सुपरवाइजर के लिए ऑटो कैड की जानकारी जरूरी है। |
| | | | | सिविल | 04 | यूआर-02, एससी-01, एसटी-01 | सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55% अंक या समकक्ष सीजीपीए)। डिज़ाइन सुपरवाइजर के लिए ऑटो कैड की जानकारी जरूरी है। |

सुपरवाइजर के सभी पद स्थायी मियादी अनुबंध पर एवं 03 वर्ष की अवधि के लिए जो आवश्यकता के आधार पर अधिकतम अगले 02 वर्षों के लिए बढ़ाने योग्य है। यदि ज्यादा लम्बी अवधि के लिए आवश्यकता पड़ती है, तो रिक्त स्थानों की उपलब्धता एवं निष्पादन के अधीन स्थायी संवर्ग में बहाली की परिधि बनी रहती है।

## रोज़गार सूचना सं. ओएसः 03/2020

## अधिकारियों की नियुक्ति

| पद का नाम/ (ग्रेड) | वेतनमान (आईडीए) | 01 सितम्बर 2020 को सर्वाधिक आयु | क्षेत्र / पद / आरक्षण | 01 सितम्बर 2020 को न्यूनतम योग्यता | 01 सितम्बर 2020 को योग्यता उपरांत न्यूनतम अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक (ई-5) | 80000-3%- -220000 | 48 वर्ष | टेक्निकल -01 (एसटी) | इंजीनियरिंग में चार वर्ष की पूर्णकालिक डिग्री या समकक्ष; मैकेनिकल /इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/मरीन इंजीनियरिंग/ सिविल/प्रोडक्शन/नेवल आर्किटेक्चर के क्षेत्र में समग्र रूप से 55% अंक के साथ | योग्यता उपरांत 15 वर्ष का अनुभव। विवरण के लिए, जीआरएसई वेबसाइट में विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| उप महाप्रबंधक (ई-5) | 80000-3%- -220000 | 48 वर्ष | टेक्निकल (आईटी)-01 (एससी) | इंजीनियरिंग में चार वर्ष की पूर्णकालिक डिग्री या समकक्ष; सूचना प्रौद्योगिकी/ कम्प्यूटर साइंस / कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी / इलेक्ट्रिकल के क्षेत्र में समग्र रूप से 55% अंक के साथ। | योग्यता उपरांत 15 वर्ष का अनुभव। विवरण के लिए, जीआरएसई वेबसाइट में विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| उप महाप्रबंधक (ई-5) 03 वर्ष के लिए स्थायी मियादी अनुबंधित आधार पर, जो अधिकतम 02 वर्ष के लिए बढ़ाने योग्य है | 80000-3%- -220000 | 48 वर्ष | टेक्निकल (बेली ब्रिज) -01 पद (यूआर) | इंजीनियरिंग में चार वर्ष की पूर्णकालिक डिग्री या समकक्ष मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/सिविल के क्षेत्र में समग्र रूप से 60% अंक के साथ। | योग्यता उपरांत 15 वर्ष का अनुभव। विवरण के लिए, जीआरएसई वेबसाइट में विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| उप महाप्रबंधक (ई-5) 03 वर्ष के लिए स्थायी मियादी अनुबंधित आधार पर, जो अधिकतम 02 वर्ष के लिए बढ़ाने योग्य है | 80000-3%- -220000 | 48 वर्ष | टेक्निकल (आईटी) -01 पद (यूआर) | इंजीनियरिंग में चार वर्ष की पूर्णकालिक डिग्री या समकक्ष; सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी/ इलेक्ट्रिकल के क्षेत्र में समग्र रूप से 60% अंक। | योग्यता उपरांत 15 वर्ष का अनुभव। विवरण के लिए, जीआरएसई वेबसाइट में विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| उप प्रबंधक (ई-2) 03 वर्ष की अवधि के लिए स्थायी मियादी अनुबंध पर जो अधिकतम अगले 02 वर्ष के लिए बढ़ाने योग्य है | 50000-3%- -160000 | 35 वर्ष | मेडिकल -02 (यूआर-01, ओबीसी-01) (02 पदों में से 01 पद पीडब्ल्यूबीडी (ओएच) के आरक्षित है) (02 पदों में से 01 पद डीईपी, राँची यूनिट के लिए है) | इंडियन मेडिकल काउंसिल द्वारा मान्यताप्राप्त किसी विश्वविद्यालय से एमबीबीएस डिग्री | योग्यता उपरांत 05 वर्ष का अनुभव। विवरण के लिए, जीआरएसई वेबसाइट में विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| उप प्रबंधक (ई-2) | 50000- 3%- 160000 | 35 वर्ष | वित्त-01 एसटी | सीए/सीएमए | योग्यता उपरांत 05 वर्ष का अनुभव। विवरण के लिए, जीआरएसई वेबसाइट में विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| उप प्रबंधक (ई-2) | 50000- 3%- 160000 | 35 वर्ष | टेक्निकल-01 एसटी | इंजीनियरिंग में चार वर्ष की पूर्णकालिक डिग्री या समकक्ष; मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/प्रोडक्शन/नेवल आर्किटेक्चर/ सिविल में समग्र रूप से 55% अंक के साथ | योग्यता उपरांत 05 वर्ष का अनुभव। विवरण के लिए, जीआरएसई वेबसाइट में विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| सहायक प्रबंधक (ई-1) | 40000-3% -140000 | 28 वर्ष | कंपनी सचिव 01 पद ओबीसी | भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के एसोशिएट सदस्य | शून्य |

**टिप्पणी:**

i सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में रियायत दी जाएगी।
ii **साधारण शर्तें, योग्यता, पात्रता, चयन प्रक्रिया, कैसे आवेदन करेंगे आदि सहित विस्तृत विवरण जीआरएसई के वेबसाइट www.grse.in या https://jobapply.in/grse2020** के **"Career section"** में उपलब्ध हैं। **संशोधन/परिवर्तन केवल जीआरएसई के वेबसाइट में प्रकाशित किए जाएंगे।**
iii प्रत्याशियों को केवल ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन जमा करना होगा। आवेदन जमा करने का कोई अन्य उपाय/माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# भारतीय नौ–सेना

## अवसरों का एक महासागर

### 10+2 (बी.टेक) कैडेट प्रवेश योजना (स्थायी कमीशन)

### पाठ्यक्रम आरंभ–जन. 2021



**शुरू होने की तिथि-06 अक्टू. 2020**

1. 10+2 (बी.टेक) कैडेट प्रवेश योजना के अंतर्गत 4 वर्षीय बी.टेक डिग्री पाठ्यक्रम के लिए प्रतिष्ठित भारतीय नौ-सेना अकादमी, एजिमला, केरल ज्वाईन करने हेतु **अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों** (भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीयता की शर्तों को पूरा करने वाले) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. चयनित उम्मीदवारों को निम्नांकित शाखाओं में रखा जाएगा.

| क्रम सं. | शाखा | रिक्ति |
|---|---|---|
| (क) | शैक्षिक शाखा | 05 |
| (ख) | कार्यकारी, इंजीनियरी और इलेक्ट्रिकल शाखा | 29 |
| | कुल | 34 |

**टिप्पणी: (क)** एक उम्मीदवार द्वारा केवल एक आवेदन भरा जाना चाहिए.

**(ख)** उम्मीदवार (क) या (ख) या (दोनों) शाखाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं.

**(ग)** उम्मीदवारों को उनके जेईई (मुख्य) अखिल भारतीय रैंक (एआईआर)-2020 और प्राथमिकता के आधार पर एसएसबी के लिए चयनित किया जाएगा.

**(घ)** प्रथम प्राथमिकता हेतु चयनित नहीं होने पर उम्मीदवारों को उस शाखा के एसएसबी बैच में अतिरिक्त स्लॉट उपलब्ध रहने पर वैकल्पिक शाखा के लिए विचार किया जाएगा.

**(ङ.)** किसी शाखा के लिए एक बार चयनित हो जाने पर चयन प्रक्रिया के पूर्ववर्ती चरण (एसएसबी, चिकित्सा एवं मेधा सूची) उस शाखा के लिए विशेष रूप से होंगे.

**(च)** यदि किसी उम्मीदवार को केवल एक शाखा के लिए चुना जाता है, तो उन पर मेधा में होने के बावजूद अन्य शाखा के लिए विचार नहीं किया जाएगा.

**पात्रता शर्तें:**

3. **आयु:** 02 जुलाई 2001 और 01 जन. 2004 (दोनों तिथियों सहित) के बीच जन्म हुआ हो.

4. **शैक्षिक अर्हता:** किसी भी बोर्ड से भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित (पीसीएम) में कुल 70 प्रतिशत अंकों और अंग्रेजी में कम-से-कम 50 प्रतिशत अंकों (कक्षा X या कक्षा XII में) से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा (10+2 पैटर्न) या इसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो.

5. **आवेदन कौन कर सकते हैं:** जेईई (मुख्य)-2020 (बी.ई./बी.टेक हेतु) परीक्षा में शामिल हो चुके उम्मीदवारों को सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) हेतु कॉलअप जेईई (मुख्य)-2020 एनटीए द्वारा प्रकाशित **अखिल भारतीय रैंक** के आधार पर जारी किया जाएगा.

6. **चिकित्सा मानदंड:**

**(क)** एसएसबी द्वारा अनुशंसित सभी उम्मीदवारों को वर्तमान शर्तों के अनुसार चिकित्सा परीक्षा देनी होगी. चिकित्सा मानदंड में किसी भी आधार पर कोई छूट नहीं होगी. चिकित्सा मानदंडों के निर्देश भारतीय नौ-सेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

**(ख)** लंबाई में विशेष क्षेत्र में अधिवासित उम्मीदवारों को छूट दी जाएगी. इसके विवरण भारतीय नौ-सेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

7. **टैटू:** टैटू के निर्देश भारतीय नौ-सेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

**नौ–सेना आपको प्रस्ताव देती है:**

8. **पदोन्नति:** सब-लेफ्टिनेंट से कमांडर के रूप में पदोन्नति अनिवार्य पाठ्यक्रमों, सीटाईम और चिकित्सा शर्तों के पूरा करने पर टाईम स्केल के आधार पर की जाएगी.

9. **वेतन एवं भत्ते:** देय वेतन एवं भत्ते भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

10. **समूह बीमा एवं ग्रेच्युटी:** नवीनतम प्रभावी नियमों के अनुसार रु. **1 करोड़** का बीमा कवर, अंशदान पर और ग्रेच्युटी सेना में लागू नियमानुसार प्रदान की जाएगी.

11. **अवकाश हकदारियां:** कमीशन के बाद अधिकारी प्रत्येक वर्ष वार्षिक तथा आकस्मिक अवकाश (सेवा आकस्मिकताओं के अधीन) हेतु हकदार होते हैं, प्रशिक्षण अवधि के दौरान अवकाश लागू प्रशिक्षण नीति के अनुरूप होगा.

12. **क्रीड़ा एवं साहसिक खेल:** नौ-सेना विभिन्न खेल-कूदों की सुविधा देती है. इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, हॉट एयर ब्लूनिंग, हैंड ग्लाइडिंग, विंड सर्फिंग आदि जैसे साहसिक खेल सिखाते और भाग भी लेते हैं.

**चयन प्रक्रिया:**

13. रक्षा मंत्रालय के भारतीय मुख्यालय (नौ-सेना) जेईई (मुख्य) अखिल भारतीय रैंक (एआईआर)-2020 पर आधारित एसएसबी के लिए आवेदनों की छंटनी हेतु कटऑफ निर्धारित करने के अधिकार सुरक्षित रखते हैं. चुने गए उम्मीदवारों के एसएसबी साक्षात्कार नवंबर-जनवरी 2020 से बंगलोर/भोपाल/कोलकाता विशाखापट्टनम में लिए जाएंगे.

14. चुने गए उम्मीदवारों को एसएसबी साक्षात्कार हेतु उनके चयन की जानकारी आवेदन-पत्र में दिए गए

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:- 20 अक्टू. 2020**

ई-मेल या एसएमएस के जरिए दी जाएगी. उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया पूरी होने तक अपनी मोबाइल संख्या और ई-मेल आईडी बरकरार रखनी चाहिए.

15. एसएसबी साक्षात्कार दो चरणों में लिए जाएंगे. प्रथम चरण की परीक्षा में बुद्धि परीक्षा, तस्वीर पहचान और सामूहिक वाद-विवाद होंगे. प्रथम चरण में अनुत्तीर्ण उम्मीदवारों को उसी दिन वापस भेज दिया जाएगा. द्वितीय चरण परीक्षा में मनोविज्ञान संबंधी जांच, सामूहिक जांच और साक्षात्कार होंगे. जो 4 दिनों तक होंगे. उसके बाद, सफल उम्मीदवारों को चिकित्सा परीक्षा (लगभग 3-5 कार्य दिवसों तक) देनी होगी.

16. एसएसबी साक्षात्कार के स्थान में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी.

17. एसएसबी की तिथि में परिवर्तन संबंधी कोई भी पत्राचार संबंधित एसएसबी के कॉलअप अधिकारी के पते पर भेजना चाहिए. एसएसबी की नई तिथि बैच/स्लॉट के उपलब्ध रहने पर दी जाएगी.

18. जांच के दौरान हुई किसी क्षति के लिए कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.

19. एसएसबी इंटरव्यू के लिए एसी-3 टियर का रेल किराया आने-जाने हेतु दिया जाएगा. परंतु यह किराया केवल उन उम्मीदवारों को मिलेगा, जो इस कमीशन के लिए पहली बार साक्षात्कार में बैठने जा रहे हों और इसके लिए उन्हें रेल टिकट प्रस्तुत करना होगा. उम्मीदवारों को एसएसबी के समक्ष उपस्थित होते समय अपनी पासबुक के प्रथम पृष्ठ या किसी चेक की फोटो प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें खाता संख्या और आईएफएससी कोड का उल्लेख किया गया हो.

**प्रशिक्षण:**

20. एसएसबी द्वारा अनुशंसित और चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ उम्मीदवारों का चयन भारतीय नौ-सेना अकादमी, एजिमला, केरल में अखिल भारतीय मेधा और रिक्तियों की संख्या के आधार पर प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा. अखिल भारतीय मेधा एसएसबी अंकों के अनुसार तैयार की जाएगी. चयनित उम्मीदवारों की भर्ती नौ-सेना की अपेक्षाओं के अनुसार अनुप्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरी, मैकेनिकल इंजीनियरी या इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरी में 4 वर्षीय बी.टेक पाठ्यक्रम के लिए कैडेट के रूप में की जाएगी. पाठ्यक्रम पूरा होने पर बी.टेक डिग्री जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (ज.ने.वि.) द्वारा दी जाएगी. कैडेटों को कार्यकारी, शिक्षा, इंजीनियरी, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रिकल शाखा (तकनीकी शाखा) में वर्तमान नियमों के अनुसार बांटा जाएगा.

**टिप्पणी (2): पुस्तकों और पाठ्य सामग्रियों सहित प्रशिक्षण के पूर्ण खर्चों का वहन भारतीय नौ–सेना द्वारा किया जाएगा. कैडेटों को अधिकृत वस्त्र और भोजन भी दिए जाएंगे.**

**आवेदन कैसे करें:**

21. उम्मीदवारों को भर्ती वेबसाइटः **www.joinindiannavy.gov.in** पर 06 **अक्टूबर, 2020** से रजिस्टर और आवेदन जमा करने होंगे. आवेदन जमा करने के दौरान समय की बचत के लिए उम्मीदवार अपने यूजर प्रोफाइल के अंतर्गत अपना विवरण भर सकते हैं और प्रलेखों को अग्रिम अपलोड कर सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया नीचे पैरा-22 में दी गई है.

22. **ऑनलाइन (ई–आवेदन):** ई-आवेदन भरते समय संबंधित प्रलेखों को पहले से तैयार करना चाहिए ताकि व्यक्तिगत विवरण सही भरा जा सके.

**टिप्पणी (3): (क)** विवरण मैट्रिक/12वीं कक्षा के प्रमाण-पत्र में दिए गए अनुसार भरा जाना चाहिए:

**(ख)** ई-मेल पता, मोबाइल संख्या जैसे विवरण अनिवार्य हैं.

**(ग)** सभी संबंधित प्रलेख (वरीयतः मूल), जन्मतिथि प्रमाण (10वीं/12वीं प्रमाण-पत्र के अनुसार, 10वीं कक्षा के अंकपत्र, 12वीं कक्षा के अंकपत्र, जेईई (मुख्य)-2020 के स्कोर कार्ड (अखिल भारतीय रैंक लिखित) और पासपोर्ट आकार का हाल का एक रंगीन फोटो आवेदन भरते समय संलग्न करने के लिए जेपीजी/टीआईएफएफ के मूल प्रारूप में स्कैन करना चाहिए.

**(घ)** स्कैन किए गए कोई भी प्रलेख किसी भी कारणवश पठनीय/पढ़ने योग्य नहीं होने पर आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे.

**(ङ.)** ऑनलाइन आवेदन की एक प्रति का प्रिंट लें और इसे एसएसबी साक्षात्कार में शामिल होते समय पैरा 22 टिप्पणी 3 (ग) में दिए गए मूल प्रमाण-पत्रों/प्रलेखों के साथ लाएं.

**महत्वपूर्ण:**

**(क) ऑनलाइन आवेदन अंततः जमा करने से पहले वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए.**

**(ख) आवेदनों की पूर्ववर्ती जांच की जाएगी. किसी भी समय आवेदन के अपठनीय/वैध नहीं पाए जाने पर आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे.**

**(ग) ऑनलाइन आवेदन की समाप्ति के बाद अपलोड किए गए प्रलेखों में संशोधन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किए जाएंगे.**

**(घ) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी घोषणा के गलत पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

विवरण वेबसाइटः
**www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

ऑनलाइन आवेदन करने हेतु इस क्यूआर कोड को स्कैन करें.

## भारत सरकार

# कोयला मंत्रालय

कोयला नियंत्रक का कार्यालय (कोयला मंत्रालय के नियंत्रणाधीन एक अधीनस्थ कार्यालय), कोलकाता में ग्रेड-पे 5400/- (संशोधन पूर्व) के साथ 15600-39100 (पीबी-3) तथा स्तर 10, रु. 56100-177500/- (7 सीपीसी) के वेतनमान में प्रतिनियुक्ति आधार **सहायक निदेशक (राजभाषा)** के पद को भरने के लिए पात्र अधिकारियों से अनुबंध-क में दिए गए प्रपत्र में **'उचित माध्यम के द्वारा'** आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा भरा जाएगा.

**वर्गीकरण** - सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, गैर-लिपिक.

**चयन का क्षेत्र** - प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण

केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा अर्ध-सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठन के अधीन अधिकारी.

क. (i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर समान पद के धारक; **अथवा**

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 (रु. 44900-142400/-) में नियमित आधार पर अथवा समतुल्य पद पर नियुक्ति के पश्चात् 3 वर्ष की सेवा की हो; **और**

**ख.** प्रशासनिक, स्थापना और लेखा संबंधी कार्यों में अनुभव रखने वाले अधिकारी.

**अनिवार्य : (i)** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में मास्टर डिग्री जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो या परीक्षा के माध्यम के रूप में रहा हो; **या** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो या परीक्षा के माध्यम के रूप में रहा हो; **या** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी और अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में मास्टर डिग्री जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी माध्यम तथा अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में रहा हो; **या** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में मास्टर डिग्री स्तर तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी माध्यम तथा हिंदी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो या परीक्षा के माध्यम के रूप में रहा हो; **या** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी और अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में मास्टर डिग्री जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी और हिंदी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय रहे हों या इन दोनों में से एक परीक्षा का माध्यम के रूप में रहा हो और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो; **और**

**(ii)** केंद्र अथवा राज्य सरकार अथवा स्वायत्त निकाय अथवा सांविधिक संगठन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षिक संस्थान के अधीन अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी शब्दावली वरीयतः तकनीकी अथवा वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद कार्य में शब्दावली (शब्दावली कार्य) का उपयोग करने का तीन वर्ष का अनुभव. **अथवा**

केंद्र अथवा राज्य सरकार अथवा स्वायत्त निकाय अथवा सांविधिक संगठन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षिक संस्थान के अधीन हिंदी और अंग्रेजी में अध्यापन अथवा हिंदी अथवा अंग्रेजी में अनुसंधान का तीन वर्ष का अनुभव.

**वांछनीय : (i)** मैट्रिक स्तर पर हिंदी के अलावा संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित भाषाओं में से एक भाषा का ज्ञान. **(ii)** हिंदी कक्षाएं अथवा कार्यशालाएं आयोजित करने सहित दो वर्ष का प्रशासनिक अनुभव

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि** - आवेदन, संलग्न प्रपत्र में सादे कागज पर उचित माध्यम से **संजीव भट्टाचार्य, अवर सचिव, कमरा नंबर 113, 'एफ' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001** को पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जाए और लिफाफे पर **''सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद के लिए आवेदन''** लिखा होना चाहिए. आवेदन के एसीआर डोजियर की यथा-सत्यापित प्रतियां और इस आशय का आवश्यक प्रमाण-पत्र लगा होना चाहिए कि अधिकारी द्वारा दिया गया ब्यौरा सही है और अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है. लगाई गई शास्ति यदि कोई हो, का विवरण, सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र, कैडर क्लीयरेंस/नियोक्ता की अनुमति (प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत रूप से सत्यापित सभी दस्तावेज) के साथ, रोज़गार समाचार में इस का.ज्ञा. के जारी होने के **60 दिनों** के भीतर हर हालत में कोयला मंत्रालय को पहुंच जाना चाहिए. अपूर्ण आवेदनों या निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

**टिप्पणी 1** - चयन संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किया जाएगा.

**टिप्पणी 2** - प्रतिनियुक्ति की अवधि, अन्य गैर संवर्ग पद में इसी अथवा किसी अन्य संगठन में अथवा केंद्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व प्रतिनियुक्ति सहित तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**टिप्पणी 3** - फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी लाइन में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार हेतु पात्र नहीं होंगे; इसी प्रकार शिक्षाविद् पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार के योग्य नहीं होंगे.

**टिप्पणी 4** - पात्रता निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी.

**टिप्पणी 5** - इस पद पर नियुक्ति **दो (02) वर्ष** की प्रारंभिक अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर होगी और उसके बाद आपसी सहमति पर वार्षिक आधार पर विस्तार योग्य होगी. उम्मीदवार अपने नियोक्ता के माध्यम से आवेदन करेंगे.

**2.** यह अनुरोध किया जाता है कि इच्छुक अधिकारियों, जिन्हें उनके चयन की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन संलग्न प्रपत्र में (तीन प्रतियों में), (प्रत्येक पृष्ठ पर रबर स्टैम्प के साथ विधिवत रूप से सत्यापित), रोज़गार समाचार में इस रिक्ति के विज्ञापन की तारीख के **60 दिनों के भीतर** इस मंत्रालय को भेजे जाएं. अंतिम तिथि के बाद या एसीआर डोजियर के बिना प्राप्त या अपूर्ण पाए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. आवेदनों को अग्रेषित करते समय यह प्रमाणित किया जाए कि अधिकारियों द्वारा दिया गया विवरण सही है और अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है. लगाई गई शास्ति यदि कोई हो, का विवरण, सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र, कैडर क्लीयरेंस/नियोक्ता की अनुमति (प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत रूप से रबर स्टैम्प के साथ विधिवत सत्यापित) भी भेजे जाएं.

अनुबंध -क

### बायो-डाटा/जीवनवृत्त प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम और पता (बड़े अक्षरों में) : | |
| 2. | जन्म तिथि (ईस्वी काल में) : | |
| 3. | i) सेवा में प्रवेश की तिथि | |
| | ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| 4. | **शैक्षिक अर्हता** | |
| 5. | क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य अर्हताएं संतोषजनक हैं. **(यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित किसी अर्हता के समतुल्य समझा गया है, तो उसके लिए प्राधिकार बताएं)** | |
| | **विज्ञापन /रिक्त परिपत्र में उल्लेखित अपेक्षित अर्हता/अनुभव** | **अधिकारी के पास अर्हता/अनुभव** |
| | **आवश्यक** | **आवश्यक** |
| | **क) अर्हता :** कम से कम किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक | अर्हता |
| | **ख) अनुभव:** पद पर रु. 9300-34800/- (वेतन बैंड-2) ग्रेड वेतन रु. 4600/- (संशोधन-पूर्व) लेवल- 7, रु. 44900-142400/- के वेतनमान में 3 वर्ष की नियमित सेवा अथवा इसके समतुल्य | अनुभव |
| | **वांछनीय** | **वांछनीय** |
| | **(क) अनुभव :** विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र के अनुसार. | अनुभव |
| 5.1 | **टिप्पणी :** | |
| 5.2 | अभ्यर्थी द्वारा डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हताओं में वैकल्पिक/मुख्य विषय और सहायक विषयों का उल्लेख किया जाए. | |
| 6. | कृपया स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या आपके द्वारा दी गई उपर्युक्त प्रविष्टियों को देखते हुए, आप पद के लिए अपेक्षित अर्हता और कार्यानुभव को पूरा करते हैं या नहीं | |
| 6.1 | **टिप्पणी :** आदाता विभाग आवेदित पद के संदर्भ में अभ्यर्थी द्वारा उल्लेखित संगत अनिवार्य अर्हता/कार्यानुभव (बायोडाटा में दी गई जानकारी के अनुसार) की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणियां/विचार प्रदान करें. | |
| 7. | कालक्रमानुसार रोज़गार का विवरण, दिया गया स्थान अपर्याप्त होने पर अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें. | |

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | दिनांक से | दिनांक तक | *नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान/वेतन स्तर | रिक्त पद लिए आवेदित पद हेतु अपेक्षित अनुभव को दर्शाते हुए काम की प्रकृति (विस्तार में) |
|---|---|---|---|---|---|

* **महत्वपूर्ण सूचना :** एसीपी/एमएसीपी के तहत दिया गया वेतन बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी का वैयक्तिक मामला है इसलिए, इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान/वेतन स्तर का उल्लेख किया जाना चाहिए. वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतन स्तर के साथ एसीपी/एमएसीपी का ब्यौरा, जहां इस तरह के लाभों के अभ्यर्थी द्वारा लिए गए हैं, की सूचना नीचे दी जाए.

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी स्कीम के अंतर्गत लिया गया वेतन, वेतन बैंड, और ग्रेड वेतन/वेतन स्तर | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|

| | |
|---|---|
| 8. | वर्तमान रोज़गार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी |
| 9. | यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर किया जाता है, तो उससे संबंधित ब्यौरा |

| क. प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | ख. प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि | ग. आवेदक के मूल कार्यालय/संगठन का नाम | घ. पद का नाम और मूल संगठन में पर्याप्त क्षमता में धारित पद का वेतन |
|---|---|---|---|

| | |
|---|---|
| 9.1 | **टिप्पणी :** यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर है, तो ऐसे अधिकारियों के आवेदनों को कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता निकासी और सत्यनिष्ठा का प्रमाणपत्र सहित मूल कैडर/विभाग द्वारा अग्रेषित किया जाए. |
| 9.2 | **टिप्पणी :** उपर्युक्त खंड 9 (ग) और 9 (घ) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जाए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है परंतु फिर भी अपने मूल कैडर/संगठन में धारणाधिकर बनाए रखता है. |
| 10. | आवेदक द्वारा अतीत में प्रतिनियुक्ति पर धारित कोई पद, अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तारीख और अन्य ब्यौरा. |
| 11. | **वर्तमान रोज़गार के बारे में अतिरिक्त विवरण :** कृपया बताएं कि किसके अधीन काम कर रहा है (संगत कॉलम के संबंध में अपने नियोक्ता का नाम बताएं) (क) केन्द्र सरकार, (ख) राज्य सरकार, (ग) स्वायत्त संगठन, (घ) सरकारी उपक्रम, (ङ) विश्वविद्यालय, (च) अन्य |
| 12. | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड में है या फीडर टू फीडर ग्रेड में हैं |
| 13. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन की तारीख का उल्लेख करें और साथ ही संशोधन पूर्व वेतनमान का उल्लेख करें. |
| 14. | वर्तमान में आहरित प्रति माह कुल परिलब्धियां. |

| वेतन बैंड /वेतन स्तर में मूल वेतन | ग्रेड वेतन | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|

| | |
|---|---|
| 15. | यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से जुड़ा हुआ है जो केंद्र सरकार के वेतनमान का अनुकरण नहीं करता है, तो निम्नलिखित विवरण देते हुए संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची (सैलरी स्लिप) संलग्न की जाए. |

| वेतनमान और वेतनवृद्धि के साथ मूल वेतन | मंहगाई वेतन/अंतरिम राहत/ अन्य भत्ते आदि (अलग-अलग ब्यौरे सहित) | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|

| | |
|---|---|
| 16. | अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, तो इस पद के लिए **क)** आपकी उपयुक्तता के समर्थन में आपके द्वारा आवेदित पद के लिए संगत सूचना का ब्यौरा. (यह अन्य बातों के अलावा **(i)** अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हता **(ii)** पेशेवर प्रशिक्षण और **(iii)** रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में दिए गए कार्यानुभव से अधिक कार्यानुभव से संबंधित सूचना प्रदान करें.) **(टिप्पणी : स्थान अपर्याप्त होने पर अलग शीट संलग्न करें.)** |
| 16. | **उपलब्धियां: ख)** अभ्यर्थियों से निम्नलिखित के बारे में सूचना प्रदान करने का अनुरोध किया जाता है. **(i)** अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्टें तथा विशेष परियोजनाएं, **(ii)** पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा, **(iii)** पेशेवर निकायों/संस्थानों/समाजों के साथ संबद्धता और **(iv)** स्वयं के नाम से अथवा संगठन के लिए प्राप्त पंजीकृत पेटेंट, **(v)** आधिकारिक मान्यता को शामिल करते हुए कोई भी अनुसंधान/अभिनव उपाय, **(vi)** कोई अन्य सूचना **(टिप्पणी : स्थान अपर्याप्त हाने पर एक अलग शीट संलग्न करें)** |
| 17. | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं : |

मैंने इस रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक देख लिया है और मुझे यह अच्छी तरह से पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक अर्हता/कार्यानुभव से संबंधित दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित जीवनवृत्त में प्रस्तुत सूचना का मूल्यांकन पद के लिए चयनित होने पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा. मेरे द्वारा प्रदान की गई सूचना/ब्यौरा मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है तथा इसमें मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को दबाया/रोका नहीं गया है.

**(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)**

**तारीख:** ..............................

**पता :** ..............................

अनुबंध -ख

### नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में प्रदान की गई सूचना/ब्यौरा रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सही और सत्य है. उसके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता और अनुभव है. चयनित होने पर उसे तुरंत कार्य-मुक्त कर दिया जाएगा.

**2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि: -**

i. श्री/श्रीमती .................... के विरुद्ध कोई भी सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/अवेक्षित नहीं है. ii. उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है. iii. उनका सीआर डोजियर मूल में संलग्न है. अवर सचिव, भारत सरकार की या इससे ऊपर की रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से अनुप्रमाणित पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की फोटो प्रतियां संलग्न हैं. iv. पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई भी बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्ति की एक सूची (मामले अनुसार) संलग्न है.

**प्रतिहस्ताक्षरित**

**(मुहर सहित नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी)**

(पृष्ठ 3 का शेष)

वर्ष तथा दिव्यांग- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए 15 वर्ष है, तथापि अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

- केंद्रशासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर तथा केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक मूलत: निवास करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आयु में 5 वर्ष की रियायत दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों तथा 1984 के दंगों में मारे गए लोगों के बच्चों/ परिवार के सदस्यों को भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रियायत प्राप्त होगी।

**झ. आवेदन कैसे करें :**

- अभ्यर्थी को नालको की वेबसाइट (www.nalcoindia.com) के पेशा अनुभाग में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यर्थियों को सभी निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़ने तथा सही सूचना प्रदान करते हुए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने की सलाह दी जाती है। यदि ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं किया जाता है तो अभ्यर्थी को पुन: पंजीकरण करना होगा। **किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा सीधे तौर पर रद्द कर दिए जाएँगे।**
- अभ्यर्थी द्वारा एक बार सफलतापूर्वक जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन में प्रविष्ट किए गए विवरण में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।
- ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी को अपने पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रति अपलोड करनी होगी।
- यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तो उसे ऑनलाइन प्रपत्र में प्रविष्टित विवरण के अनुसार अपने मूल प्रमाण-पत्र तथा अन्य संबंधित दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे।
- आवेदन प्रपत्र भरे जाने के तत्काल बाद, अभ्यर्थियों द्वारा उनके ऑनलाइन आवेदन में प्रदान की गई जानकारी के समर्थन में सभी दस्तावेज़ जैसे कि योग्यता, आयु, अनुभव, वेतनमान/ परिलब्धियाँ, सीटीसी की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ डाउनलोड किए गए आवेदन की प्रति **भर्ती प्रकोष्ठ, मा.सं.वि. विभाग, नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड, नालको भवन, पी/1, नयापल्ली, भुवनेश्वर -751013, ओड़िशा** को डाक द्वारा प्राप्त होनी चाहिए।
  - आवेदन उपरोक्त पते पर उनकी योग्यता, आयु, अनुभव, वेतनमान/ परिलब्धियाँ, सीटीसी आदि के समर्थित दस्तावेज़ों सहित निर्धारित तिथि के अंदर पहुँच जाना चाहिए।
  - यदि आवेदन की हार्ड प्रति अन्य स्वप्रमाणित दस्तावेज़ों सहित निर्धारित तिथि के अंदर प्राप्त नहीं होती है तो केवल आवेदन की सॉफ्ट प्रति पर विचार नहीं किया जाएगा।
  - आवेदन की मूल प्रति भेजने के लिए उपयोग होने वाले लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम अंकित किया जाना चाहिए।
  - व्यक्तिगत रूप से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- प्रणालीगत दोष अथवा अन्य किसी भी कारण से अंतिम तिथि तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन प्रस्तुत न कर पाने पर, नालको उत्तरदायी नहीं होगा।
- केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने हेतु पात्र हैं।

**ञ. अभ्यर्थियों हेतु अनुदेश :**

- अभ्यर्थी को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह विज्ञापन में वर्णित पात्रता तथा अन्य शर्तें पूरी करता है। मात्र आवेदन प्रस्तुत कर देने अथवा विज्ञापित विनिर्देशों को पूरा करना अभ्यर्थी को इस पद का हकदार नहीं बनाता है। भर्ती/ चयन/ नियुक्ति के बाद भी किसी भी चरण में यह पाए जाए कि अभ्यर्थी योग्यता मानकों को पूरा नहीं करता और/ या उसने कोई गलत/ झूठी सूचना प्रदान की है या किसी तथ्य(यों) को दबाया है, तो उसकी पात्रता/ नियुक्ति स्वत: रूप से रद्द हो जाएगी, क्योंकि उसकी पात्रता/ नियुक्ति प्रारम्भ से ही निरस्त मानी जाएगी।
- आवेदन प्रपत्र में दर्ज ईमेल आईडी एक वर्ष के लिए अवश्य वैध रखनी होगी। अभ्यर्थी के साथ भावी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से ही किए जाएँगे। अवैध/ गलत ई-मेल आईडी या अन्य किसी कारण से कोई क्षति/ भेजे गए ईमेल/ अन्य कोई पत्राचार वितरित नहीं होने के लिए नालको जिम्मेदार नहीं होगा।
- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ सरकारी नौकरी करने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य तौर पर उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए अथवा साक्षात्कार के समय ''अनापत्ति प्रमाण-पत्र'' प्रस्तुत करना होगा। तथापि, ऐसा करने में असफल होने की स्थिति में, अभ्यर्थी को कार्यग्रहण करने की अनुमति उसके वर्तमान संस्थान से औपचारिक कार्यमुक्ति आदेश प्राप्त होने के बाद ही प्रदान की जाएगी।
- ई-1, ई-2, ई-3 तथा ई-4 ग्रेड के पद पर साक्षात्कार हेतु उपयुक्त पाए गए प्रबंधन प्रशिक्षु के अभ्यर्थियों को II श्रेणी के वातानुकूलित (स्लीपर) द्वारा ऑनलाइन आवेदन में उल्लेखित पत्राचार के पता से सबसे छोटे रूट से साक्षात्कार हेतु आने जाने के व्यय की प्रतिपूर्ति टिकट/ यात्रा प्रमाण की प्रति उपलब्ध कराने पर की जाएगी। यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु बाद में पत्राचार के पते में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।
- नालको न्यूनतम योग्यता मानकों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रबंधन के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त किसी पद को भरने या ना भरने का अधिकार है। नालको के पास आवश्यकतानुसार बिना कोई सूचना दिए या बिना कोई कारण दर्शाए, नालको भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/ परिवर्तित/संशोधित करने तथा विज्ञप्ति पदों की संख्या को घटाने या बढ़ाने का अधिकार भी होगा।
- किसी भी रूप में अभ्यर्थी द्वारा अनुयाचन उसकी उम्मीदवारी को अयोग्य कर देगा।
- उक्त भर्ती संबंधी किसी भी विवाद का निपटान केवल भुवनेश्वर न्यायिक क्षेत्र में होगा।
- यह विज्ञापन उपरोक्त पदों सहित अन्य पदों के पार्श्व प्रवेश हेतु जारी पूर्व के सभी विज्ञापनों का अधिक्रमण करता है।

**ट. महत्त्वपूर्ण तिथियां :**

1. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रारम्भ तिथि: **12/10/2020**
2. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: **02/11/2020**
3. आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ आवेदन की हार्डकॉपी प्राप्ति की अंतिम तिथि: **09/11/2020**

**सहायक महाप्रबंधक (मा.सं.वि.)**

## इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेस्ट बायोडायवर्सिटी

(इंडियन काउंसिल ऑफ फोरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन)

(पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)

दुलापल्ली, कोमपल्ली, एस.ओ., हैदराबाद-500 100 फोन नं.: 040 66309500

फैक्स: 040-66309521, ईमेल: director_ifb@icfre.org वेबसाइट : http:ifb.icfre.gov.in

सं.1-156/आईएफबी/भर्ती/2020-21/712 तिथि: 28 सितम्बर, 2020

### भर्ती अधिसूचना

आईएफबी, हैदराबाद में **सीधे भर्ती** द्वारा निम्नलिखित पदों में रिक्तियों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं. आवेदन **24.11.2020 को या उससे पहले पहुंच** जाने चाहिए.

| क्र. सं. | पद का नाम | 7वां सीपीसी वेतन लेवल | कुल रिक्तियां | पात्रता योग्यता | 24.11.2020 के अनुसार आयु |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आशुलिपिक ग्रेड-II | लेवल-4 ग्रेड वेतन रुपये 2400/- | अना-01 | **अनिवार्य योग्यता:** (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा प्रमाणपत्र. (ii) आईएफबी, हैदराबाद द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर आशुलिपिकी अंग्रेजी/हिन्दी में 80 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति का धारक होना चाहिए. (iii) प्रत्येक शब्द के लिए 5 की डिप्रेशन की टाइपिंग गति कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम. | 18 वर्ष से कम नहीं या 27 वर्ष के अधिक नहीं होनी चाहिए. |
| 2. | अवर श्रेणी लिपिक | लेवल-2 ग्रेड वेतन रुपये 1900/- | अपिव-01 | (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा प्रमाणपत्र. (ii) हस्तचालित टाइपराइटर पर अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति. या कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति. | *पात्रता मानदंड और आवेदन पत्र वेबसाइट : **http://ifb.icfre.gov.in, http://icfre.gov.in** पर उपलब्ध है. |
| 3. | मल्टी टास्किंग स्टाफ | लेवल-1 ग्रेड वेतन रुपये 1800/- | अना-03 अना (ईडब्ल्यू-एस)-01 अपिव-01 | **अनिवार्य योग्यता:** मान्यताप्राप्त बोर्ड/स्कूल से 10वीं कक्षा पास प्रमाणपत्र. **वांछनीय:** संबंधित व्यवसाय में 3 वर्ष या अधिक अनुभव. | |

निदेशक आईएफबी, हैदराबाद

## केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान

(भारत सरकार की सोसाइटी, विद्युत मंत्रालय)

पोस्ट बोक्स सं 8066, प्रो. सर सी. वी. रामन रोड, सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूर - 560 080.

### विज्ञापन सं. सीपीआरआई/08/2020 भर्ती

सी पी आर आई निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्रम सं. | पदनाम | पदों की संख्या | 7 वें वेतन मैट्रिक्स में स्तर एवं वेतन | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासनिक अधिकारी | 1 (अनारक्षित-वर्ग) | स्तर – 10 रु. 56,100 के प्रारंभिक वेतन तथा भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार अन्य भत्ते सहित | 40 वर्ष |
| 2 | लेखा अधिकारी नियुक्ति का प्रारंभिक स्थल नोएडा (उ.प्र) होगा । | 1 (अ.पि.व –वर्ग) | स्तर – 10 रु. 56,100 के प्रारंभिक वेतन तथा भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार अन्य भत्ते सहित | 40 वर्ष |

**आवश्यक शैक्षिक योग्यता प्रशासनिक अधिकारी:** एमबीए (एचआर)/पी जी डी एम / ए सी एस/एल एल बी की वृत्तिक अर्हता के साथ विश्वविद्यालय की डिग्री।

**अनुभव:** सरकारी/पी एस यू / सरकारी स्वायत्त संगठन के प्रशासन में कम से कम रु.4,200/- से समतुल्य ग्रेड वेतन (7 वें सी पी सी का पे मैट्रिक्स 6) में 5 वर्षों का उत्तर वृत्तिक अर्हता अनुभव ।

**आवश्यक शैक्षिक योग्यता लेखा अधिकारी** : सी ए /आई सी डब्ल्यू ए/एस ए एस/ जे ए ओ की वृत्तिक अर्हता के साथ विश्वविद्यालय की डिग्री।

**अनुभव:** सरकारी/पी एस यू/ सरकारी स्वायत्त संगठन के लेखा विभाग में कम से कम रु.4,200/- से समतुल्य ग्रेड वेतन (7 वें सी पी सी का पे मैट्रिक्स 6) में 5 वर्षों का उत्तर वृत्तिक अर्हता अनुभव । सीए/आई सी डब्ल्यू ए की योग्यता तथा सामान्य प्रशासन और कार्मिक प्रबंधन में भी अनुभव रखने वाले उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी ।

उपरोक्त पद के लिए आवेदन देने के लिए इच्छुक उम्मीदवार पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए सीपीआरआई वेबसाइट **www.cpri.in** में कैरियर पृष्ठ देख सकते हैं। संगत प्रमाण पत्रों की प्रतियों के साथ डाक द्वारा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 06.11.2020 है। नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/– की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। – संपादक

## सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। – सम्पादक

## राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
**महेश शर्मा**
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर
मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
**श्रीमती नवरेखा**
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
ई-मेल: adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in

स्वत्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक सहायक निदेशक(प्रकाशन) द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन- 0141-3981148 ( भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर ) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-श्रीमती नवरेखा